हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार, 22 जून 2024

11 लोग बोले, पार्क के पास से गुजरते समय आती है दुर्गंध



12 करें नियमित योग, रहे ताउम्र निरोग



## खबर संक्षेप

### संत शिरोमणी कबीर की जयंती आज

**चरखी दादरी।** संत शिरोमणी कबीर महाराज की जयंती को धूमधाम से बनाने के लिए क्षेत्र के धानक समाज द्वारा लगातार तैयारियां की जा रही है। आगामी 22 जून को बड़ा कार्यक्रम गांव अटेला के माता मंदिर आश्रम परिसर में आयोजित किया जाएगा, जिसका समय प्रातः 11 बजे का रहेगा। आज आयोजन को लेकर प्रधान 40 गांव धानक समाज राजेंद्र सिंह सोलंकी की अगुवाई में विभिन्न गांवों धिकाडा, मिर्च, कासनी, साहुवास, पैंतावास कलां, अख्तायपुरा, डोहकी, रासीवास, मानकावास व चरखी गांवों का दौरा किया।

### महिला ने वार्ड के बाहर ही दिया बच्चे को जन्म

**भिवानी।** सामान्य अस्पताल के वार्ड के बाहर महिला ने बच्चे को जन्म दिया । जानकारी के अनुसार राजीव कॉलोनी निवासी महिला सुधा अपनी सास जानकी व अपने बेटे सौरभ के साथ सामान्य अस्पताल इलाज के लिए आई थी । पीड़ित महिला को पेट दर्द था । महिला का खून चेक किया गया और उसे दूसरे वार्ड में जाने को वहां जहां बीच में ही गेट के पास उसने बच्चे को जन्म दिया । महिला और उसके बच्चे को नर्स की टीम ने इलाज के लिए वार्ड में शिफ्ट किया ।

### बाइक सवार बदमाशों ने युवक पर की फायरिंग

**भिवानी।** शुक्रवार को गांव कुशुंभी में बस सेटेंड पर बुलाकर बाइक सवार युवकों ने एक युवक पर गोली चला दी। गनीमत रही कि युवक को गोली नही लगी,बल्कि युवक को गोली का छारा लगा। बाद में पुलिस को सूचना दी।पुलिस ने मौके पर पंहुचकर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांव कुशुंभि निवासी चेतन के पास फोन आया।फोन करने वाले युवक ने चेतन को बस अड्डे पर बुलाया।जब वह बस अड्डे पर पहुंचा तो वहां पर एक बाइक पर तीन युवक सवार थे। चेतन कुछ समझ पाता कि उससे पहले बाइक सवार एक युवक ने गोली चला दी।चेतन गोली से बच गया। आरोपियों तीन,चार राउंड फायर किए।

# डबल इंजन की सरकार मिलकर गरीब, किसान मजदूर और युवाओं को कर रही सशक्त : सीएम

## सीएम ने दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना व ई.क्षतिपूर्ति लाभार्थियों को दी सौगात


2014-15 में कृषि बजट 816 करोड़ था इसे 2024-25 में बढ़ाकर 4114 करोड़ कर दिया गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार लगातार गरीब, किसान, मजदूर, महिलाओं और युवाओं को सशक्त व मजबूत करने का काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिससे आज हर वर्ग का हमारी सरकार पर विश्वास बढ़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसान हित को सर्वोपरि मानते हुए एमएसपी की दरों में लगातर बढ़ोतरी की है। इसलिए सभी का भाजपा सरकार में विश्वास बढ़ा है। कांग्रेस पार्टी द्वारा एमएसपी खत्म करने का भाम्रक प्रचार किया जा रहा था,लेकिन प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत दिवस किसान की खरीफ फसलों के लिए एमएसपी को लगातर बढ़ाकर किसान हितैषी होने का प्रमाण दिया। उन्होंने कहा कि 49 हजार 325 किसानों को ई.क्षतिपूर्ति से डीबीटी के माध्यम से करीब 134 करोड़ रुपए खातों में डाली गई है। इसके साथ ही दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना के तहत 3527 परिवारों को लगभग 131.14 करोड़ रुपया की राशि सीधा खातों में डाली गई है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को बीट्स इंटरनेशल स्कूल में ई.क्षतिपूर्ति व दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना के तहत प्रभावित परिवारों व किसानों को लाभान्वित करने के उपरांत लोगों को संबोधित कर रहे थे। वित्त मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि सरकार अंत्योदय परिवारों के कल्याण एवं उत्थान के लिए वचनबद्घ है, जिसके लिए सरकार की ओर से करीब 10 वर्ष के कार्यकाल में अंत्योदय परिवारों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए अनेक योजनाएं लागू की गई हैं। इसके साथ ही किसान हित को सर्वोपरि मानते हुए उनकी आय बढ़ाने के लिए व उनके जीवन खुशहाल करने के लिए कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्सयपालन तथा सिंचाई विभाग के बजट में वृद्घि की गई है।

2014.15 में कृषि बजट 816 करोड़ था इसे 2024. 25 में बढ़ाकर 4114 करोड़ कर दिया गया है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री बिशम्भर वाल्मिकी ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा की केन्द्र व प्रदेश सरकार ने गरीब व्यक्ति के जीवन में सुधार लाने के विजन व पंडित दीन दयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन से प्रेरित होकर राज्य सरकार ने प्रदेश में समाज कल्याण के एक नए युग का सूत्रपात किया है। विधायक घनश्याम सर्राफ ने मुख्यमंत्री सहित सभी अतिथियों का भिवानी की धरा पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने विकास कार्यों को गति दी है। तोशाम से विधायक एवं पूर्व मंत्री किरण चौधरी ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि वे सरकार की जनहितैषी योजनाओं व बिना भेदभाव के करवाएं गए विकास कार्य सरकार की महत्त्वपूर्ण उपलब्ध है। एसीएस अनुराग रस्तोगी ने मुख्यमंत्री व अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



भिवानी। लाभार्थी को योजना का लाभ देते सीएम नायब सैनी। फोटो : हरिभूमि

- केंद्र व प्रदेश सरकार ने विकास कार्यों को गति दी : विधायक सर्राफ
- बिना भेदभाव के करवाए गए विकास कार्य : किरण चौधरी

### भाजपा अंत्योदय के हक की सरकार :धर्मबीर

सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि भाजपा अंत्योदय के हक की सरकार है। उन्होंने कहा कि भिवानी.महेन्द्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में आपसी सहयोग से विकास को गति देंगे और इस क्षेत्र को नंवबर वन पर खड़ा करके रहेंगे। क्षेत्र के लिए विकास कार्यो् को निरंतर गति देते रहेगी।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में प्रदेश के वित्त मंत्री जयप्रकाश दलाल, सांसद चौ. धर्मबीर सिंह, राज्य मंत्री बिशम्भर वाल्मिकी, विधायक घनश्याम दास सरार्फ , तोशाम की विधायक किरण चौधरी, पूर्व सांसद श्रुति चौधरी, एसीएस अनुराग रस्तोगी, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव श्रीनिवासन नारायणन, मंडलायुक्त संजीव वर्मा मौजूद रहे।

### क्या है ई-क्षतिपूर्ति पोटल

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा किसानों के कल्याण के लिए ई.क्षतिपूर्ति पोर्टल आरंभ किया गया है। इस पोर्टल के तहत प्राकृतिक आपदा से जिन किसानों की फसल खराब हुई है वे 72 घंटों के अंदर.अंदर फसल के खराबे की रिपोर्ट स्वयं किसान ई.फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा खराब हुई फसल की पात्रता की जांच की जाती है। जांच के बाद पात्र किसानों को मुआवजा दिया जाता है। जिला भिवानी में 427 किसानों को करीब छह करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई है।

# लापता विधायक और नप चेयरमैन की तलाश में लोगों के साथ पोस्टर लेकर सड़कों पर निकले पार्षद




### समाधान नहीं हुआ तो शुरू करेंगे भूख हड़ताल

उन्होंने कहा कि दादरी विधायक सोमबीर और चेयरमैन बक्शीराम दिखाई नहीं दे रहे। दोनों को जनसमस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। आमजन समस्या लेकर विधायक के आवास पर जाता है, मगर लंबे समय से विधायक नहीं मिल रहे। चेयरमैन भी जनसमस्याओं से दूर भाग गए हैं। पार्षदों के कहा कि नप चेयरमैन की लापरवाही के कारण शहर के कूड़े के ढेर लगे हैं। पार्षदों ने कहा कि अगर शहर की समस्याओं का समाधान नहीं किया तो भूख हड़ताल शुरू की जाएगी।

**चरखी दादारी।** शुक्रवार को विधायक व नप चेयरमैन की तलाश के लिए पार्षद जनता के साथ पोस्टर लेकर सड़कों पर उतर गए। पार्षदों ने आरोप लगाया की शहर के लोग आज बिजली और पानी सहित मूलभूत सुविधाएं को तरस रहे हैं और विधायक और नप चेयरमैन अपना दायित्व भूलकर गायब हो गए।

जनता उन्हें तलाश रही है, मगर कहीं सुराग नहीं मिल रहा। बिलजी, पानी व लचर सीवरेज व्यवस्था को लेकर नगर पार्षदों के नेतृत्व में सैकड़ों लोग एकत्रित हुए।उन्होंने विधायक सोमबीर सांगवान व नप चेयरमैन बख्शीराम सैनी के लापता के पोस्टर चस्पा किए। इसके बाद शहर में सरकार व जिला प्रशासन के खिलाफ सड़कों पर उतरकर हल्ला बोला। विरोध प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय में उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए पार्षद रमेश लांबा, प्रतिनिधि विरेंद्र चरखी ने कहा कि पिछले दो महीनों से बिजली व पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। शहर के लोगों को पीने का पानी भी नसीब नहीं हो रहा।

## करें योग रहें नीरोग



**भिवानी।** योग दिवस पर भीम स्टेडियम में योग करते हुए। भिवानी के भीम स्टेडियम में प्रदेश के वित्त मंत्री जय प्रकाश दलाल ने योग दिवस का शुभारंभ किया।

# समाधान शिविर में सेक्टर 13 निवासियों ने रखी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

- सेक्टर 13 निवासी संरक्षक राजकुमार गर्ग की अध्यक्षता में एडीसी हर्षित कुमार को प्रार्थना पत्र दिया

लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हाल में सरकार द्वारा चलाए जा रहे समाधान शिविर में सेक्टर 13 निवासी संरक्षक राजकुमार गर्ग की अध्यक्षता में एडीसी हर्षित कुमार को प्रार्थना पत्र दिया। इस बारे में आप और हम समिति के सचिव संदीप वधवा ने बताया कि सेक्टर 13 के निवासियों को एन्हांसमेंट की राशि उच्चतम न्यायालय के आदेश 17 जुलाई 2017 के अनुसार अभी तक पूरी नहीं मिली है, जिसको लेकर प्रतिनिधिमंडल समाधान शिविर में एडीसी से मिला।

उन्होंने बताया कि एन्हांसमेंट की राशि को लेकर 8 अप्रैल को भी प्रतिनिधिमंडल हुडा ऑफिस में प्रशासक से मिला था, लेकिन दो महीने से अधिक समय हो जाने के बाद भी हुडा प्रशासक ने उनके प्रार्थना पत्र पर कोई संज्ञान नहीं लिया। आज समाधान शिविर में एडीसी ने उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द ही उनकी समस्या का निदान किया जाएगा। समिति ने कई बार हुडा प्रशासन से मिलने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं कर रहा है, जिससे सेक्टर वासियों में काफी रोष है।

### ये रहे उपस्थित

प्रतिनिधिमंडल में समिति के संरक्षक राजकुमार गर्ग, प्रधान जयभगवान शर्मा,सचिव संदीप वधवा, अमरपाल सिंह चहल, सुभाषचन्द्र, लेखराज मुंजाल, सुनील वधवा, तेजराम अरोड़ा, अनिता शर्मा व सरोज बाला आदि उपस्थित थे।

# डीसी ने लघु सचिवालय में समाधान शिविर में सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

सरकार की पहल पर समाधान शिविर आमजन की हर समस्या के त्वरित निवारण के उद्देश्य से प्रत्येक कार्य दिवस पर आयोजित किए जा रहे हैं। अधिकारी सरकार सोच के अनुरूप समाधान शिविर में आने वाली हर समस्या का त्वरित निवारण करते हुए उनके कार्यालय को सूचित करें। शुक्रवार को आयोजित समाधान शिविर में 32 शिकायतें व समस्याएं आई, जिनमें जमीनी विवाद, अवैध कब्जे, परिवार पहचान पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जल आपूर्ति, पारिवारिक विवाद जैसी समस्याओं की सुनवाई करते हुए निवारण किया। शिविर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन और परिवार पहचान पत्र में शुद्धिकरण की समस्याओं का निपटारा भी किया। अमेरिका में शिक्षिका चरखी दादरी की मूल निवासी सुजाता सांगवान की समस्या का त्वरित समाधान होने पर उन्होंने जिला प्रशासन की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा समाधान शिविर अदभुत हैं। डीसी मनदीप कौर ने कहा कि समाधान शिविरों में तत्काल हो रहे समाधान से आमजन का सरकार और प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है। यही हमारा दायित्व है कि आमजन को तत्काल राहत प्रदान करें। इस कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई व कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। समाधान शिविर में पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ, सीईओ जिला परिषद प्रदीप कौशिक, सीटीएम आशीष सांगवान, एसडीएम नवीन कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



**भिवानी।** लघु सचिवालय में समस्याएं सुनते डीसी मनदीप कौर। फोटो : हरिभूमि

## धुर विरोधी नजर आए एक मंच पर, बंसीलाल ने रखी थी विकसित हरियाणा की नीवंः किरण चौधरी

# गड्ढों से शुरू होती थी खैरड़ी मोड़ से भिवानी की सीमा : किरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

भाजपा नेत्री किरण चौधरी ने कहा कि एक देखती है परखती है और उसके काम करने का ढंग और उसके अंदर जो क्षमता है। उसके आधार पर आगे बढ़ने का मौका देती है। आगे बढ़ने का सिलसिला है। अब कांग्रेस में नहीं रहा।

हम ईमानदारी के साथ कार्य करेंगे,जिस लायक होंगे पार्टी हमे आगे बढाएगी। कांग्रेस एसआरके के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उनकी विचारधारा समान थी। समान इसलिए थी कि हम कांग्रेस में निष्ठा से काम करना चाहते थे। हम ये नहीं देखते थे कि किस क्षेत्र में क्या काम करवाना है,लेकिन भिवानी को कितना उपेक्षित रखा गया था। कलानौर के खरैड़ी से जो सड़क शुरू होती थी। वहां पर पता चल जाता था कि गड्डो वाली सड़क शुरू हो गई। भिवानी की सीमा शुरू होने का अहसास होने लगता था। उनको नौकरियों के मामले में भी दूर रखा।

उस वक्त खर्ची पर्ची वाला मामला होता था। उन्होंने पूर्व सीएम मनोहर लाल के समय में कोई भी खर्ची पर्ची नहीं चली। इसके लिए पूर्व सीएम मनोहर लाल बधाई के पात्र है। गरीब आदमी को नौकरी मिल जाए। इससे बढियां उसके लिए क्या कार्य हो सकता है। तीसरी बार प्रदेश में भाजपा सरकार बनने का दावा किया। किरण चौधरी ने कहा कि विकसित हरियाणा की नीवं पूर्व सीएम स्व. चौ. बंसीलाल ने रखी थी। उनके समर्थक भिवानी , चरखी दादरी ही नहीं पूरे प्रदेश में है। हरेक गांव के अंदर चौ. बंसीलाल व चौ. सुरेंद्र सिंह के समर्थक है। ये छोटी मोटी बात नहीं है। इन लोगों को आगे लेकर जाया जाए। अभी तक ये बेचारे उपेक्षित रहे है। अब मै एक ऐसी पार्टी में आई हू, मुझे पूरा विश्वास है कि उक्त पार्टी काम करने वालों आगे लकर जाती है। हम पूरे दमखम के साथ काम करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 में हविपा का कांग्रेस में विलय करवाया तो उनकी प्रदेश में 67 सीटें आई। हमने मेहनत की,लेकिन उनकी नीतियों की वजह से 67 की बजाए 40 पर पहुंचा दी। इसी तरह नीतियां चलती रही तो आने वाले पांच साल में 40 से घटकर 13 पर आ जाएगी।




**भिवानी।** विश्व योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में एक मंच पर बैठकर प्रदेश के विकास कार्यों पर चर्चा करते किरण चौधरी व सांसद धर्मबीर सिंह।

### चार.चार पार्टियों से चुनाव लड़ने वाले कर रहे कटाक्ष

किरण चौधरी ने कांग्रेस प्रभारी उदयभान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कभी चौटाला पार्टी तो कभी निर्दलीय तौर पर तो कभी किसी पार्टी से चुनाव लड़ा। उन पर आया राम गया राम वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। इस तरह के नेता उन पर दल बदलू का आरोप लगा रहे हैं। ऐसे व्यक्ति या नेता आरोप लगाए। जिनकी छवि साफ सूथरी हो और उन्होंने एक ही जगह रहकर राजनीति की हो। पूर्व सीएम हुड्डा द्वारा राज्यपाल के पास पहुंचकर भाजपा सरकार के अल्पमत में आने व विश्वास प्रस्ताव लाने की बात कह रहे हैं। साथ ही कह रहे है कि वे नहीं तो कोर्ट में जाएंगे। इस पर किरण चौधरी ने कहा कि ये बाते सारी दिखावे की है, लोगों को बहलाने वाली बातें है।

### दोनों नेताओं की कुर्सियां साथ-साथ

कई वर्षों से किरण चौधरी व सांसद धर्मबीर सिंह आपस में धुर विरोधी रहे। किरण चौधरी कांग्रेस में तो धर्मबीर सिंह भाजपा में रहकर विरोध के बयानबाजी की। पहली बार शुक्रवार को किरण के भाजपा ज्वाइन करने के बाद एक मंच पर नजर आए। दोनों नेताओं की कुर्सियां भी एक साथ बिछी थी। मंच से वक्ता संबोधन करते रहे। इस दौरान दोनों नेता एक दूसरे से बातचीत भी करते नजर आए। यह कई वर्षो के बाद एक मंच पर आए है। जो कि राजनीति के गलियारों में चर्चा का विषय बना है।


गाय सीढ़ियां चढ़ तो सकती है, लेकिन उसे उतरने में काफी परेशानी होती है।


चींटी एक ऐसा जीव है जिसके पास फेफड़े नहीं होते इसीलिए वह सो नहीं सकती है।



# चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर का पद शानदान, बनाएं करियर



**नॉलेज**

**यंगभूमि डेस्क**

चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर एक महत्वपूर्ण पद होता है, जो आज के समय में काफी ज्यादा डिमांड में रहता है। आज का समय टेक्नोलॉजी का युग माना जाता है। ऐसी स्थिति में टेक्नोलॉजी के माध्यम से किसी भी कार्य को अधिक आसानी से किया जाता है। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि वर्तमान समय में हर तरह की कंपनियां व्यवसाय को इस पद पर कार्यरत लोगों की मांग होती है क्योंकि आज के समय में अधिकांश कार्य ऑनलाइन माध्यम से किए जाते हैं। जो कार्य ऑफलाइन माध्यम से होते हैं, उन्हें भी मैनेज करने के लिए तथा व्यापार को बढ़ाने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना होता है।

## काफी ज्यादा मांग

चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर एक महत्वपूर्ण पद होता है, जो आज के समय में काफी ज्यादा डिमांड में रहता है। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि वर्तमान समय में हर तरह की कंपनियां व्यवसाय को इस पद पर कार्यरत लोगों की मांग होती है क्योंकि आज के समय में अधिकांश कार्य ऑनलाइन माध्यम से किए जाते हैं। जो कार्य ऑफलाइन माध्यम से होते हैं, उन्हें भी मैनेज करने के लिए तथा व्यापार को बढ़ाने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना होता है। आज का समय टेक्नोलॉजी का युग माना जाता है। ऐसी स्थिति में टेक्नोलॉजी के माध्यम से किसी भी कार्य को अधिक आसानी से किया जाता है। यहां मुख्य अधिकारी कंपनी के अंतर्गत सभी तरह के तकनीकी संसाधनों का प्रबंधन करता है उसका मूल्यांकन करता है तथा कंपनी का राजस्व अधिक बढ़ाने के लिए जरूरी हर तरह के टेक्नोलॉजी से संबंधित उपकरण उपलब्ध कराता है और उन पर अपनी निगरानी में तथा अपनी जिम्मेदारी से काम करके कंपनी को मदद पहुंचाता है। कंपनी के लिए उपयुक्त तथा उपयोगी हर तरह की टेक्नोलॉजी का लेखा जोखा और उसकी देखरेख मुख्य अधिकारी के अंतर्गत आती है। टेक्नोलॉजी की मदद से कंपनी को आसान तरीके से चलाने का कार्य भी मुख्य तकनीकी अधिकारी का होता है।

## करने होते ये काम

- चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर अपनी सूझबूझ से कंपनी के कार्य को अच्छी तरह से फैलाता है तथा कंपनी के मुख्य अधिकारियों को कंपनी को विकसित करने तथा अधिक मुनाफा प्राप्त करने में टेक्नोलॉजी के जरिए मदद करता है। चीफ टेक्नोलॉजी ऑफीसर अपनी जिम्मेदारी से कंपनी के अंतर्गत होने वाले टेक्नोलॉजी से संबंधित कार्य को संपन्न करवाता है और टेक्नोलॉजी के सेक्टर से संबंधित कंपनी को हर तरह का सहयोग उपलब्ध कराता है। चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर कंपनी के अंतर्गत होने वाले सभी टेक्नोलॉजी से संबंधित कार्यों की रिपोर्ट कंपनी के मुख्य अधिकारियों को समय-समय पर सौंपता है।

- मुख्य तकनीकी अधिकारी अपनी सूझबूझ से आईटी परियोजनाओं को मार्केट में पहुंचाने का कार्य करता है।
- चीफ टेक्नोलॉजी ऑफीसर कंपनी का सभी महत्वपूर्ण और जरूरी डाटा सुरक्षित रखता है।
- कंपनी के लिए जरूरी डाटा को सुरक्षित रखकर उसका प्रबंध करता है।
- मुख्य तकनीकी अधिकारी अपने अनुभव के आधार पर टेक्नोलॉजी की मदद से कंपनी और ग्राहक के बीच बेहतरीन संबंध स्थापित करता है।
- तकनीकी के नए-नए तरीकों से कंपनी के द्वारा विभिन्न प्रकार की समस्या का निवारण किया जाता है।
- तकनीकी की मदद से अत्याधुनिक तरीके से निवेश किया जाता है।
- कंपनी का राजस्व बढ़ाने के लिए मुख्य तकनीकी अधिकारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- कंपनी के लिए उपयोगी उपकरण हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर इत्यादि का संरक्षण और उपयोग सुनिश्चित करता है।

## जरूरी योग्यताएं

- सीटीओ बनने के लिए विद्यार्थी को सबसे पहले 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।
- 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद विद्यार्थी कंप्यूटर विज्ञान के क्षेत्र में स्नातक की डिग्री हासिल करना अनिवार्य है।

### तनख्वाह

किसी भी कंपनी या व्यवसाय के अंतर्गत आने वाले सीटीओ की सैलरी इस बात पर निर्भर करती है कि वह अधिकारी दुनिया के किस देश में तथा किस प्रकार की कंपनी में काम करता है क्योंकि आमतौर पर बड़ी-बड़ी अमेरिकी कंपनियों में पूरी दुनिया के मुकाबले अतिरिक्त भुगतान किया जाता है। भारत में भी बड़ी-बड़ी कंपनियां मुख्य तकनीकी अधिकारियों को अच्छा वेतन प्रदान करती है। आमतौर पर भारत में चीफ टेक्नोलॉजी ऑफीसर को प्रतिवर्ष 20,00,000 रुपए से लेकर 30 लाख रुपए के अंतराल में दिए जाते हैं। इसके अलावा अधिकारी के अनुभव और कंपनी के ऊपर सैलरी निर्भर करती है।

### कैसे बने सीटीओ

चीफ टेक्नोलॉजी ऑफीसर बनने के लिए आपको शुरुआत से ही विज्ञान विषय से संबंधित अध्ययन करना चाहिए और इसी फील्ड में आगे बढ़ना चाहिए अगर आप चीफ टेक्नॉलाजी ऑफिसर बनना चाहते हैं, तो सबसे पहले आपको कंप्यूटर विज्ञान की फील्ड में स्नातक की डिग्री हासिल करनी होगी। ऐसा करने से आपके पास टेक्नोलॉजी से संबंधित महत्वपूर्ण ज्ञान आ जाएगा, जिसके आधार पर आप और अधिक गहराई से अध्ययन कर सकते हैं। आमतौर पर बड़ी-बड़ी कंपनियां सीटीओ के पद पर ऐसे अधिकारियों की नियुक्ति करती हैं जिन्हें पहले से ही कुछ एक्सपीरियंस हो ऐसी स्थिति में आप शुरुआती समय में छोटी कंपनियों में कार्य कर सकते हैं, जिससे समय के अनुसार आपका एक्सपीरियंस बढ़ता रहेगा।

### महत्वपूर्ण तथा जरूरी दस्तावेजों से संबंधित कार्य करने होते

# सेना में काफी महत्वपूर्ण होता है क्लर्क का पद, आप भी चमका सकते हैं करियर



**जॉब ट्रेंड्स**

**करियर डेस्क**

## समय-समय पर निकलती रहती नौकरियां

भारतीय सेना देश की सबसे बड़ी सेना है जो कि भारत के सशस्त्र बलों में से एक है। भारतीय सेना देश की सुरक्षा आंतरिक और बाहरी दोनों ही रूप से करती हैं। देश की सीमा पर बड़े पैमाने पर भारतीय सुरक्षा पहरा देती हैं और देश के अंदर भी जगह-जगह छावनी में भारतीय सेना रहती है ताकि देश के अंदर और देश की सीमा दोनों ही जगह पर शांति कायम रहे और बाहरी हमलों से देश सुरक्षित रहे। भारतीय सेना देश की सबसे बड़ी सेना है। इसीलिए भारतीय सेना के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के पद आते हैं। सेना में आर्मी ऑफिसर, नर्सिंग असिस्टेंट, क्लर्क, फौजी , टेक्निक, ट्रेड मैन इत्यादि विभिन्न प्रकार के पद आते हैं।



### सबके अलग-अलग काम

सभी अलग-अलग पद वाले अधिकारी अलग-अलग काम करते हैं या हम यह कह सकते हैं कि अलग-अलग काम के लिए अलग-अलग पद निर्धारित किए गए हैं। भारतीय सेना देश की सबसे बड़ी सशस्त्र सेना है। इसीलिए इस सेना को बेहतर बनाए रखने के लिए अन्य विभिन्न प्रकार के पदों की आवश्यकता होती हैं। जिनमें एक मुख्य पद आर्मी क्लर्क का भी होता है।

### सेना में यह जरूरी पद

बता दें कि भारतीय सेना में क्लर्क का कार्य भारतीय सेना के अंतर्गत काफी जरूरी माना जाता है। जैसा की आप सभी को पता ही है हमारे देश के अधिकांश युवा सरकारी नौकरी करना चाहते हैं और आज के युवाओं में भारतीय सेना में जाने का जज्बा देखने को मिलता है। हर कोई भारतीय सेना में जाकर देश के लिए काम करना चाहता है। तो आप भारतीय सेना के तहत क्लर्क बन सकते हैं। हर वर्ष लाखों की संख्या में युवाओं द्वारा आर्मी कलर्क के लिए आवेदन किया जाता है। लेकिन भारतीय सेना के तहत किसी भी पद पर नौकरी करना इतना आसान नहीं है। इसके लिए आपको परीक्षा देनी होती है। शारीरिक रूप से परीक्षण करवाना होता है और विभिन्न प्रकार की ट्रेनिंग होती है। उसके बाद ही आप भारतीय सेना में नौकरी कर सकते हैं।



### क्या होता है क्लर्क का पद

*भारतीय सेना देश की सबसे बड़ी सशस्त्र सेना है। यह देश की सुरक्षा और शांति बनाए रखने का मुख्य काम करती हैं। इस सेना के तहत विभिन्न प्रकार के पद हैं, जिसमें एक बड़ा पद इंडियन आर्मी क्लर्क का भी होता है। अधिकांश लोगों को यह जानने में रुचि होती है कि भारतीय सेना के तहत क्लर्क का क्या काम होता है। तो आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि भारतीय सेना में क्लर्क के पद पर काम करने वाले कर्मचारियों को कुछ संबंधित और महत्वपूर्ण तथा जरूरी दस्तावेजों से संबंधित कार्य करने होते हैं। भारतीय सेना से जुड़े दस्तावेज काफी महत्वपूर्ण और जरूरी होते हैं। इसीलिए यह पद जिम्मेदारी वाला माना जाता है।*

*भारतीय सेना में क्लर्क का काम करने वाला कर्मचारी भारतीय सेना के प्रमुख दस्तावेजों को नियोजित करके रखता है। भारतीय सेना से संबंधित जरूरी दस्तावेजों को सुरक्षित रखना होता है। भारतीय सेना के कार्यालय से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यों को करता है। इंडियन आर्मी क्लर्क भारतीय सेना में काम कर रहे अन्य सैनिकों और जवानों की सूची तैयार करता है तथा सूची अनुसार अलग-अलग श्रेणी के तहत सभी की जानकारी दस्तावेजों के आधार पर सुरक्षित रखता है। इसके अलावा इंडियन आर्मी क्लर्क का काम कंप्यूटर विभाग, कार्यालय, पुस्तक, डॉक्यूमेंट, पोस्ट्स इत्यादि का रखरखाव करना होता है।*

### ऑनलाइन आवेदन

सेना में क्लर्क बनने के लिए सबसे पहले आपको इस पद पर आयोजित भर्ती के लिए आवेदन करना होगा। हर वर्ष सरकार द्वारा आर्मी क्लर्क हेतु भर्ती का आयोजन करवाया जाता है। जिसकी सूचना पहले ही ऑफिशल नोटिफिकेशन जारी करके बता दी जाती है। यह सूचना मिलने के बाद आपको ऑफिशियल वेबसाइट से आवेदन करना होता है। आवेदन करते समय आपको अपनी सभी जरूरी और महत्वपूर्ण जानकारी को सही ढंग से दर्ज करना है और संबंधित दस्तावेजों को भी अपलोड कर देना है।

### तनख्वाह

सेना में क्लर्क की नौकरी करने वाले कर्मचारी को सैलरी के रूप में हर महीने न्यूनतम 5500 से लेकर सामान्यत 25000 तक दिया जाता है। इसके अलावा ग्रेड पे पर 1800 रुपये प्रतिमाह मिलता है। आर्मी क्लर्क को ग्रेड पर और वेतन के अलावा विभिन्न प्रकार की सुविधाएं और विभिन्न प्रकार के भत्ते दिए जाते हैं। जो इस प्रकार है– महंगाई भत्ता, आवास भत्ता, यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता और कैंटीन की सुविधाएं दी जाती हैं।

### जरूरी योग्यताएं

- आर्मी क्लर्क बनने के लिए उम्मीदवार का कम से कम 12वीं पास होना जरूरी है।
- उम्मीदवार किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड या शिक्षण संस्थान से 12वीं पास कर सकता है।
- उम्मीदवार को साईंस/ कॉमर्स और आर्ट स्ट्रीम से ही 12वीं पास करनी होगी।
- आर्मी क्लर्क बनने के लिए उम्मीदवार को 12वीं क्लास में 60% अंक प्राप्त करने होंगे।
- आवेदक के 12वीं क्लास के प्रत्येक विषय में कम से कम 50% अंक होने चाहिए।
- उम्मीदवार के 12वीं क्लास में मैथ/ इंग्लिश/अकाउंट/ बुक कीपिंग इनमें से किसी एक सब्जेक्ट का होना अनिवार्य है।
- आर्मी क्लर्क उम्मीदवार की ऊंचाई कम से कम 160 सेंटीमीटर होना चाहिए।
- उम्मीदवार की छाती कम से कम 77 सेंटीमीटर होनी चाहिए।
- आवेदन करने वाले उम्मीदवार के शरीर का वजन कम से कम 48 किलो होना चाहिए।
- इसके अलावा देश के अलग-अलग राज्यों द्वारा इस पद हेतु अलग अलग ऊंचाई, सीना और वजन निर्धारित किया गया है।
- आर्मी क्लर्क पद के लिए आयोजन करने वाला व्यक्ति भारत का नागरिक होना चाहिए।
- आवेदन करने वाले अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु कम से कम 17 वर्ष व 6 महीने होनी चाहिए।
- इस पद के लिए अधिकतम आयु सीमा 23 वर्ष निर्धारित की गई है।
- उम्मीदवार का शारीरिक और मानसिक रूप से पूर्णतया स्वस्थ होना चाहिए।
- आर्मी क्लर्क उम्मीदवार के आँखों की रोशनी 6/6 होना चाहिए।
- अभ्यर्थी को कलर ब्लाइंटनेस का रोग नहीं होना चाहिए।
- उम्मीदवार व्हाइट, रेड, ग्रीन सिग्नल पहचाने में सक्षम होना चाहिए।
- इस पद के उम्मीदवार के शरीर में किसी भी प्रकार की कोई भी बीमारी नहीं होनी चाहिए।

**शारीरिक जांच :** आवेदन करने के बाद सबसे पहले आपको शारीरिक स्वास्थ्य की जांच करवानी होती हैं। यह प्रथम चरण का टेस्ट होता है। इसमें उम्मीदवार को निर्धारित समय के तहत निर्धारित दूरी की दौड़ पूरी करनी होती है। उसके बाद निर्धारित किया गया पुश-अप निर्धारित समय में पूर्ण करना होता है। प्रथम चरण की यह परीक्षा कुल 100 अंकों की होती हैं जिनमें 60 अंक दौड़ के और बाकी के 40 पुश-अप के होते हैं।

**दस्तावेजों की जांच :** सेना में क्लर्क बनने के लिए डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन करवाना होता है। शारीरिक परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के तहत 10वीं क्लास 12वीं क्लास का सर्टिफिकेट पहचान पत्र इत्यादि कुछ जरूरी और महत्वपूर्ण दस्तावेज की जांच की जाती है।

**मेडिकल टेस्ट :** डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन टेस्ट पास करने वाले उम्मीदवारों को मेडिकल टेस्ट देना होता है। इसके तहत उम्मीदवार के शरीर की जांच की जाती हैं जिससे पता चलता है कि वह उम्मीदवार किसी रोग का शिकार है या नहीं।

**लिखित परीक्षा:** मेडिकल टेस्ट पास करने वाले उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाता है। भाग-1 में सामान्य ज्ञान, सामान्य साईंस, गणित और कंप्यूटर साईंस सब्जेक्ट का प्रश्न होता है। एवं भाग-2 में सामान्य अंग्रेजी भाषा का प्रश्न होता है। इस परीक्षा के अंतर्गत आने वाला पेपर 100 अंको का होता है और लिखित परीक्षा 200 अंकों की होती है।

# साक्षात्कार में खुद को कैसे प्रस्तुत करें और अपना सर्वश्रेष्ठ संस्करण दिखाएं



**मोटिवेशनल**

**डॉ. दिव्या तंवर**

साक्षात्कार नौकरी प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण चरण है। यह आपकी क्षमता, व्यक्तित्व और कौशल को प्रदर्शित करने का एक मौका होता है। सही ढंग से खुद को प्रस्तुत करके, आप साक्षात्कारकर्ता पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। यहां बताया गया है कि साक्षात्कार में अपना सर्वश्रेष्ठ संस्करण कैसे दिखाएं। किसी संगठन की पृष्ठभूमि का ज्ञान प्राप्त करना न केवल साक्षात्कार के लिए तैयार होने में मदद करता है, बल्कि नौकरी के दौरान भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह आपको संगठन की कार्यशैली, मूल्यों, और भविष्य की दिशा को समझने में सहायता करता है।

## आत्मविश्वास के साथ सवालों के जवाब दें

1. **साक्षात्कार की तैयारी में सहायता:** संगठन के बारे में जानकारी आपको साक्षात्कार में आत्मविश्वास से भरे उत्तर देने में मदद करती है।

**प्रासंगिक उत्तर:** आप प्रश्नों के उत्तर संगठन के उद्देश्यों और संस्कृति के संदर्भ में दे सकते हैं, जिससे आपकी तैयारी और समझ का पता चलता है।

**अच्छे सवाल:** आप संगठन की पृष्ठभूमि से जुड़े महत्वपूर्ण और प्रभावी सवाल पूछ सकते हैं, जो आपकी जिज्ञासा और प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

2. **संगठन की संस्कृति और मूल्य:** किसी भी नौकरी में सफल होने के लिए उस संगठन की संस्कृति और मूल्य समझना बेहद जरूरी है।

**सांस्कृतिक अनुकूलता:** संगठन की संस्कृति को जानकर आप यह समझ सकते हैं कि आपका काम करने का तरीका और आपका व्यवहार वहां कैसे फिट होगा।

**मूल्य समझना:** संगठन के मूल्य और दृष्टिकोण को समझकर आप उन्हें अपने काम और निर्णयों में लागू कर सकते हैं।

3. **संगठन की रणनीति और दृष्टिकोण:** संगठन की पृष्ठभूमि जानने से आपको उसकी दीर्घकालिक रणनीतियों और लक्ष्यों की समझ मिलती है।

सहयोग में मदद: यह जानकारी आपको अपने काम को संगठन के बड़े लक्ष्यों से जोड़ने में मदद करती है।

प्रदर्शन में सुधार: आप अपने प्रदर्शन और योगदान को संगठन की प्राथमिकताओं के अनुरूप ढाल सकते हैं।

4. **चुनौती और अवसर की पहचान:** संगठन के इतिहास और वर्तमान स्थिति की जानकारी से आप उसकी चुनौतियों और संभावित अवसरों को पहचान सकते हैं।

**समस्याओं को हल करना:** संगठन की वर्तमान चुनौतियों को समझकर आप समाधान पेश कर सकते हैं, जिससे आप एक मूल्यवान कर्मचारी साबित होते हैं।

**अवसरों का लाभ:** नए अवसरों की पहचान कर आप संगठन में नवाचार और विकास के लिए सुझाव दे सकते हैं।

5. **करियर विकास:** संगठन की पृष्ठभूमि जानने से आप अपने करियर को बेहतर तरीके से प्लान कर सकते हैं।

**विकास के अवसर :** संगठन की विकास दर और भविष्य की योजनाओं को समझकर आप अपनी करियर ग्रोथ की संभावना का आकलन कर सकते हैं।

## महत्वपूर्ण सुझाव

1. **आत्मविश्वास के साथ प्रवेश करें:** जब आप साक्षात्कार के लिए कमरे में प्रवेश करें, तो आत्मविश्वास से भरपूर रहें। आपके चलने का तरीका, हाथ मिलाने का तरीका और चेहरा देखकर साक्षात्कारकर्ता आपके आत्मविश्वास का अंदाजा लगा सकते हैं।

**मजबूत हैंडशेक:** साक्षात्कारकर्ता से मजबूती से और आत्मविश्वास के साथ हाथ मिलाएं।

**मुस्कुराहट:** हल्की मुस्कान आपके आत्मविश्वास को दर्शाती है और एक सकारात्मक माहौल बनाती है।

2. **उपयुक्त पहनावा:** आपका पहनावा आपके व्यक्तित्व का पहला प्रभाव छोड़ता है। इसलिए, नौकरी के प्रोफाइल और कंपनी की संस्कृति के अनुसार उपयुक्त कपड़े पहनें।

**-व्यवसायिक पोशाक:** फॉर्मल कपड़े पहनें, जो आपके प्रोफेशनलिज्म को दिखाते हैं।

**स्वच्छता:** अपने कपड़े साफ और अच्छी तरह प्रेस किए हुए रखें।

3. **तैयारी महत्वपूर्ण है:** साक्षात्कार से पहले कंपनी और नौकरी के विवरण के बारे में अच्छे से अध्ययन करें। इससे आप बेहतर तरीके से सवालों का जवाब दे पाएंगे और यह भी दिखेगा कि आप नौकरी को लेकर गंभीर हैं।

**कंपनी का अध्ययन:** कंपनी की वेबसाइट, उनके उत्पादों/ सेवाओं और उनके कार्य संस्कृति के बारे में जानकारी लें।

**जॉब प्रोफाइल:** जॉब प्रोफाइल में बताई गई आवश्यकताओं और जिम्मेदारियों को समझें।

4. **प्रभावशाली उत्तर दें:** प्रश्नों का उत्तर देते समय संयम और आत्मविश्वास बनाए रखें। अपने उत्तर स्पष्ट और सटीक रखें।

**व्यक्तिगत अनुभव:** अपने व्यक्तिगत अनुभवों और उपलब्धियों का उल्लेख करें, जो आपके कौशल को प्रदर्शित करते हैं।

**स्टार तकनीक:** स्थिति, कार्य, क्रिया और परिणाम का उपयोग करके उत्तर को संरचित करें।

5. **भाषा और हावभाव पर ध्यान दें:** आपकी बॉडी लैंग्वेज और बोलने का तरीका साक्षात्कार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** हिंदी किस भाषा परिवार की भाषा है
(ए) भारोपीय
(बी) द्रविड़
(सी) आस्ट्रिक
(डी) चीनी-तिब्बती

**2.** भारत में सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा कौन सी है
(ए) हिंदी
(बी) संस्कृत
(सी) तमिल
(डी) उर्दू

**3.** हिंदी भाषा का जन्म हुआ है
(ए) अपभ्रंश से
(बी) लौकिक संस्क्रत से
(सी) पालि-प्राकृत से
(डी) वैदिक संस्कृत से

**4.** निम्न में से कौन सी बोली अथवा भाषा हिंदी के अंतगर्त नहीं आती है
(ए) कन्नौजी
(बी) बांगरू
(सी) अवधी
(डी) तेलुगु

**5.** हिंदी की विशिष्ट बोली ब्रजभाषा किस रूप में सबसे अधिक प्रसिद्ध है
(ए) राजभाषा
(बी) तकनीकी भाषा
(सी) राष्ट्रभाषा
(डी) काव्यभाषा

**6.** भारतवर्ष में हिंदी को आप किस वर्ग में रखेंगे
(ए) राजभाषा
(बी) राष्ट्र भाषा
(सी) विभाषा
(डी) तकनीकी भाषा

**7.** दूढाली बोली है
(ए) पश्चिमी राजस्थान की
(बी) पूर्वी राजस्थान की
(सी) दक्षिणी राजस्थान की
(डी) उतरी राजस्थान की

**8.** ब्रजबुली नाम से जानी जाती है
(ए) पंजाबी
(बी) मराठी
(सी) गुजराती
(डी) पुरानी बांग्ला

**उत्तर** 1.(ए) 2.(ए) 3.(ए) 4.(डी) 5.(डी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी)

**खबर संक्षेप**

## स्टेच्यू की टूटी रैलिंग ठीक करवाने की मांग

**भिवानी।** अखिल भारतीय किसान सभा ने महान स्वतन्त्रता सेनानी पंडित नेकीराम शर्मा की घंटाघर स्थित स्टेच्यू की टूटी हुई रैलिंग मरम्मत करवाने, बिजली पानी का प्रबन्ध करने की मांग को लेकर नगर परिषद चैयरमैन को 8 जून को पत्र लिखा था। किसान सभा के कामरेड ओमप्रकाश ने नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप को अवगत करवाया कि 8 जून को प्रमुख किसान नेता पंडित नेकीराम शर्मा की 68वीं पुण्यतिथि थी, उनकी आदमकद प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित दी तो चेयरपर्सन प्रतिनिधि को उक्त कार्य करवाने की मांग की थी।



## श्रीश्याम वेस्ट मैनेजमेंट ने चलाया सफाई अभियान

**भिवानी।** बिट्स स्कूल में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कार्यक्रम के दौरान श्रीश्याम वेस्ट मैनेजमेंट द्वारा वेस्ट मैनेजमेंट के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया। कार्यक्रम में शामिल होने आए लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया। श्रीश्याम वेस्ट मैनेजमेंट की टीम ने प्लास्टिक के गिलासों को एकत्रित कर सूखे कचरे के बैग्स में इकट्ठा किया और लोगों से अपील की कि वे कचरे को केवल कचरा वाहन में ही डालें और अपने आसपास सफाई रखें।



## पैंतावास कलां के बस स्टैंड पर लगाया वाटर कूलर

**चरखी दादरी।** गांव पैंतावास कलां के बस स्टैंड पर गर्मी में यात्रियों, ग्रामीणों व राहगीरों को स्वच्छ ठंडा जल उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से हवा कौर व उनकी पुत्री डॉ. प्रोमिला ने वाटर कूलर युक्त प्याउ का निर्माण करवाकर जनसेवा में भेंट किया। स्वर्गीय गुलाब सिंह फौगाट की स्मृति में उनकी पत्नी व बेटी के वाटर कूलर लगवाया, जिसकी ग्रामीणों ने सराहना की। वाटर कूलर युक्त प्याउ का उद्घाटन सरंपच प्रतिनिधि अमरजीत सोनी ने किया।



## ओपन शेल्टर होम के बच्चों ने मनाया योग दिवस

**भिवानी।** आदर्श पैरामेडिकल वेलफेयर एसोसिएशन के ओपन शेल्टर होम,आदर्श रिहैबिलेशन सेंटर व आदर्श मेडिकल प्राइवेट आईटीआई के बच्चों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। मनोवैज्ञानिक विशेषग्य डॉ. हरिकिशन शर्मा ने बताया कि दुनिया के तमाम देश योग के महत्व को समझते हुए योग दिवस मना रहे हैं। योग का अभ्यास शरीर और मस्तिष्क की सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है।



## गांव पपोसा में लोगों को योग का महत्व बताया

**बवानीखेड़ा।** नेहरु युवा केन्द्र भिवानी के तत्वावधान में प्रेम शांति वेलफेयर सोसायटी द्वारा गांव पपोसा में विश्व योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सोसायटी के सचिव गुरुदयाल ने ग्रामवासियों को योग के महत्व और फायदों के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकालीन समय में योग सत्र से हुई, जिसमें गांव के कई लोग शामिल हुए। बच्चों से लेकर बुजुगोंर् तक सभी ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया और योगासन किए।

## शहीद गुलाब सिंह पार्क की बदहाली पर बिफरे लोग

# लोग बोले, पार्क के पास से गुजरते समय आती है दुर्गंध



बवानीखेड़ा। पार्क की समस्याओं को लेकर नारेबाजी करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**पार्क दिवारें टूटी होने के कारण आवारा, बेसहारा पशु पार्क में घुसकर इसमें स्थित घास फूस को नष्ट कर देते हैं**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा स्थित शहीद गुलाब सिंह पार्क की दिवार व ग्रील टूटने विभाग द्वारा इसकी सुध न लेने को लेकर कस्बावासियों में ललित कुमार, अनिल,बिल्लू, अशोक, राहुल आदि का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। जिसको लेकर कस्बावासियों ने रोष प्रदर्शन किया तो वहीं सचिव ने मौका निरीक्षण करके इसकी सुध लेने की बात कही। उल्लेखनीय है शहीद गुलाब सिंह पार्क में दीवारों पर लगी ग्रील गिरी हुई तो कुछ स्थानों पर गायब है,दिवारें टूटी हुई हैए झूलों की व्यवस्था कंडम है, कुर्सियां दूसरों को सहारा देने की बजाए स्वयं सहारा ढूंढ़ रही हैं। कस्बावासियों ने बताया कि इस पार्क दिवारें टूटी होने के कारण आवारा, बेसहारा पशु पार्क में घुसकर इसमें स्थित घास फूस को नष्ट कर देते हैं व गंदगी फैलाने का कार्य करते हैं। शहीद के नाम पर स्थित पार्क की स्थिति दयनीय है। लोगों की मानें तो बच्चे, बुजुर्ग, युवा इस पार्क में दिन रात घुमने के लिए आते थे लेकिन इस व्यवस्था बिगड़ने के कारण लोग यहां से मुंह फेरकर चले जाते हैं। इसी से रोषित होकर कस्बावासियों ने रोष प्रदर्शन कर विभाग से इस पार्क की सुध लेने की बात कही। लोगों ने बताया कि इस बारे में कई बार नपा प्रशासन को शिकायत की,लेकिन आज तक नपा प्रशासन ने इस समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया है। जिसको लेकर कस्बे के लोगों में जबरदस्त रोष है। दूसरी तरफ नगर पालिका सचिव विनय कुमार ने बताया कि पार्क की स्थिति का मुआयना किया जाएगा और इसकी सुध ली जाएगी ताकि इसका सौंदर्यकरण बरकरार रहे।

## राजपत्रित अधिकारी का दर्जा देने की मांग

- मांगों को लेकर फिर बिफरी स्टाफ नर्सेज, मांगें पूरी करने को सरकार को दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



भिवानी। लंबित मांगों को लेकर एकत्रित नर्सिंग ऑफिसर्ज। फोटो : हरिभूमि

विभिन्न मांगों को लेकर नर्सिंग ऑफिसर ने एक बार फिर से आरपार की लड़ाई का ऐलान किया है। शुक्रवार को ऑल नर्सिंग ऑफिसर वेलफेयर एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष सुनीता की अध्यक्षता में चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल में बैठक में नर्सिंग ऑफिसर ने अपनी मांगें प्रखरता से उठाई तथा कहा कि यदि मांगे पूरी नहीं हुई तो आने वाले दिनों में आंदोलना का रूख अख्तियार किया जाएगा। बैठक का संचालन जिला सचिव सुमित्रा ने किया। राज्य प्रधान सुनीता ने कहा कि नर्सिंग ऑफिसर की 7200 रुपये नर्सिंग अलाऊंस व नर्सिंग ऑफिसर को राजपत्रित अधिकारी का दर्जा दें गुरप बी में शामिल करने की मांग लंबित हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार नर्सिंग ऑफिसर को 9200 रुपये नर्सिंग अलाऊंस दे रही है तथा प्रदेश सरकार पीजीआईएमएस रोहतक की नर्सिंग ऑफिसर को भी नर्सिंग अलाऊंस दे रही है, जबकि उनके साथ भेदभाव किया जा रहा है। ये मांगें 1998 से चली आ रही है तथा इन्हें अभी तक लागू नहीं किया है। बैठक में कोषाध्यक्ष दुर्गा, नरेश, मैट्रन सरला, सुनीता, कमलेश, कांता, किरण, आशा, नीलम, मोनिका, मनीषा, निशा, रेनू, सुशीला, सीमा आदि मौजूद रहीं।

## पपूर्व मंत्री अमर सिंह धानक के पौत्र को आशीर्वाद देने पहुंचे लोग



**बवानीखेड़ा।** पूर्व मंत्री अमर सिंह धानक के सुपौत्र नमन राजेन्द्र धानक हल्के में लोगों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को जान रहे हैं तो जनता भी उन्हें पलकों पर बिठाने का कार्य कर रही है। वीरवार को उनके पैत्रक गाँव खांडाखेड़ी में आशीर्वाद लेने पहुँचे अमर सिंह धानक के सुपौत्र नमन राजेंद्र धानक का ग्रामीणों ने जोर शोर से स्वागत किया और उन्हें पलकों पर बिठाया। बता दें की खंडाखेड़ी गांव मंत्रियों का गांव जाना जाता है और नमन राजेंद्र धानक कांग्रेस को समर्पित हो चुके हैं व बवानी खेड़ा विधानसभा से तैयारी कर रहे। हालिया हुए लोकसभा चुनावों में कांग्रेस उम्मीदवार जयप्रकाश के पक्ष में अभियान चलाया और उनकी विजयपताका में अहम भूमिका अदा की। नमन राजेन्द्र धानक ने बताया कि उनके दादा पर हलके की जनता का विशेष स्नेह रहा है। ग्रामीणों ने उन्हें अपने बाप.दादा की भांति जनता के दिलों में बसकर कार्यों को पूरा करवाने के प्रति आश्वस्त किया।

## शिविर में 150 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की



**भिवानी।** दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सेक्टर 13 में स्थित पार्क के अंदर भारत विकास परिषद की बदल देना शाखा द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शाखा के अध्यक्ष नरेश बंसल ने बताया कि उनके द्वारा समाज के कल्याण के लिए अनेक सामाजिक कार्य किए जाते हैं जिनमें बच्चों को स्कूल ड्रेस प्रदान करना, नोटबुक प्रदान करना, गर्म कपड़े प्रदान करना और अन्य खेल एक्टिविटीज करवाना आदि शामिल है। उन्होंने कहा कि उनकी संस्था के द्वारा पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन करते हुए अनेक पौधों को जीवित रखने का संकल्प लिया है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य जांच शिविर में 150 निवासियों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। शिविर में एमके हॉस्पिटल से 13 सदस्यीय स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने शुगर, ब्लड प्रेशर, थायराइड, आंख, नाक व गला आदि की जांच की।

## जनवादी महिला समिति ने हत्या की निंदा की

**भिवानी।** जनवादी महिला समिति कैथल में इज्जत के नाम पर युवती की हत्या की कड़े शब्दों में निंदा करती है और राज्य सरकार से इज्जत के नाम पर होने वाले अपराधों को रोकने के लिए कड़ा कानून बनाने की मांग करती है। गौरतलब है कि कैथल के गांव क्योड़क निवासी युवती ने गत साल फरवरी में नानकपुरी कॉलोनी निवासी युवक के साथ अंतरजातीय विवाह किया था। बुधवार दोपहर करीब दो बजे युवती के भाई व कुछ युवकों ने उनके घर में कई राउंड गोलियां चलाकर 22 साल की युवती की हत्या कर दी। समिति की अध्यक्ष संतोष देशवाल व सचिव बिमला घनघस में संयुक्त रूप से कहा कि हरियाणा में लगातार इज्जत के नाम पर अपराधों के मामले बढ़ रहे हैं।

# स्वामी का तीसरी बार का हुआ संकल्प पूरा

- खाटू धाम से दिल्ली तक पैदल यात्रा पर निकले रामचंद्र स्वामी
- खाटू धाम से दिल्ली तक पैदल यात्रा पर निकले रामचंद्र स्वामी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ लोहारू

पिछली लगातार तीन योजनाओं से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में देखने का संकल्प लेकर महीनों उपवास रखने वाले कस्बा निवासी मोदी भक्त रामचंद्र स्वामी ने तीसरी बार भी नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के लिए खाटू धाम में एक पखवाड़े तक जन सेवा की और बाद में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर अपने संकल्प को पूरा करने के लिए खाटू धाम से दिल्ली के लिए पदयात्रा पर निकल पड़े। बता दें कि 17 जून को खाटू धाम से दिल्ली तक पदयात्रा शुरू करने वाले रामचंद्र स्वामी का शुक्रवार को लोहारू पहुंचने पर श्रीश्याम सुंदर ज्योति मंडल के प्रधान सुभाष सैनी के नेतृत्व में पप्पू बड़सीवाल, महेंद्र शर्मा, सुरेश वर्मा, अशोक सोनी, जयभगवान शर्मा, देवीलाल सैनी सहित अनेक लोगों स्वागत किया। इस दौरान श्री उजाडिय़ा हनुमान मंदिर परिसर में उन्हें श्रीश्याम की प्रतिमा भेंटकर सम्मानित किया गया। रामचंद्र स्वामी ने बताया कि उन्होंने नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के लिए खाटू धाम में 15 दिन तक लोगों की सेवा और सफाई अभियान चलाते हुए संकल्प लिया था कि जब नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे तो वे श्रीश्याम ध्वजा लेकर खाटूधाम से दिल्ली तक पैदल यात्रा करेंगे। उन्होंने 17 जून से खाटूधाम से पैदल यात्रा शुरू की है तथा यात्रा 3 जुलाई को दिल्ली में संपन्न होगी।



पिछले दो लोकसभा चुनावों से पूर्व भी रामचंद्र स्वामी नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के लिए कई दिनों का उपवास रख चुके हैं। पिछली बार सांसद धर्मवीर सिंह ने जूस पिलाकर उपवास खुलवाया था। दस वषार्ं से रामचंद्र स्वामी इलाके में सफाई अभियान चलाकर लोगों स्वच्छ भारत का संदेश देते हैं।

## शिविर में 150 यूनिट रक्त किया एकत्रित, आठ रमैणी शादी करवाई



**भिवानी।** संत शिरोमणि कबीरदास महाराज के 627वें प्रकट दिवस पर रामपाल महाराज के सान्निध्य में गांव कालुवास स्थित सतलोक आश्रम मे तीन दिवसीय अखंड भंडारे व संत गरीबदास महाराज द्वारा रचित अमर ग्रंथ की वाणियों के अखंड पाठ का आयोजन किया। इस दौरान रक्तदान शिविर व रमैणी (बिना दहेज की) शादी का आयोजन किया। आश्रम सेवा सदस्य अंजुबाई दासी, भक्त जगबीरदास, भक्त धर्मपाल दास, भक्त वजीर दास, भक्त बलवान दास ने बताया कि रक्तदान शिविर में 150 यूनिट रक्तदान किया। वहीं आठ रमैणी शादियां करवाई गई। उन्होंने बताया कि संत कबीरदास महाराज का प्रकट दिवस हर वर्ष ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। संत कबीरदास महाराज इसी दिन काशी में लहरतारा तालाब में कमल के फूल पर प्रकट हुए थे। पांच वर्ष की आयु होते-होते आध्यात्मिक ज्ञान में बड़े-बड़े विद्वानों को पीछे छोड़ने लगे थे।

## बंद नालों से लोगों में फैला रोष, नपा कर्मचारियों ने संभाला सफाई मोर्चा



**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के बाबा कमाल मंदिर के पास बंद पड़े गंदे पानी की निकासी के नालों को लेकर लोगों में रोष फैल गया व नालों की सफाई की मांग की वहीं सूचना मिलते ही नपा सफाई कर्मचारी मौके पर पहुंचे व नालों की गंदगी निकाली। उल्लेखनीय है कि कस्बा के बने नालों के लिए मशीन की जरूरत है ताकि इसमें वषोंर् से जमी गंदगी को जड़ से निकाला जा सके। हालांकि सफाई कर्मचारियों द्वारा इसकी सफाई की जाती है। लेकिन उनके उपकरणों से नालों की गहराई तक सफाई नहीं हो सकती। कई बार नाले ओवरफलो हो जाते हैं व इसका सारा पानी सड़कों पर बहने के कारण रास्ता बाधित हो जाता है। कस्बावासियों ने प्रशासन से इसके लिए विशेष प्रबंध करने की बात कही। वहीं सफाई दरोगा प्रदीप कुमार ने बताया कि सूचना प्राप्त होते ही बंद नालों को खुलवाने का कार्य किया गया। ताकि पानी की निकासी सही प्रकार से हो सके।

## संस्थागत बायोगैस प्लांट पर मिलेगा अनुदान

**चरखी दादरी।** अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. जयेंद्र सिंह छिल्लर ने बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा गौशालाओं, संस्थाओं और डेयरियों में संस्थागत बायोगैस प्लांट लगाने पर 40 प्रतिशत का अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पर्यावरण को दूषित होने से बचाने और बायो खेती के लिए ऑर्गेनिक खाद तैयार करने में बायोगैस प्लांट सहायक सिद्ध होगा। बायोगैस का उपयोग खाना बनाने, पानी गर्म करने, घरेलू बिजली उत्पादन,पशुओं के लिए आहार तैयार करने में किया जा सकता है। एडीसी ने बताया कि गोशाला, संस्था और डेयरी संचालक संस्थागत बायोगैस प्लांट लगाने के लिए एडीसी कार्यालय में आवेदन अगले दस दिन में दें।

# लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने अपराध मीटिंग मे फील्ड अधिकारियों को लोगों के प्रति अधिक संवेदनशील होने, धैर्यपूर्वक सुनने और उनकी शिकायतों का पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से निवारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने थाने, चौकियों में प्राप्त होने वाली शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अगर पीड़ित व्यक्ति की गंभीरता से सुनवाई कर उसे शीघ्र अति शीघ्र न्याय दिलाने का प्रयास किया जाएगा तो निश्चित तौर पर समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने आप को सुरक्षित महसूस करेगा तथा समाज में पुलिस की एक बेहतर छवि नजर आएगी। एसपी ने सभी



भिवानी। बैठक में निर्देश देती एसपी पूजा वशिष्ठ। फोटो : हरिभूमि

पुलिस अधिकारियों से कहा कि आधुनिक टेक्नोलॉजी के युग में अपने आप को पूरी तरह प्रशिक्षित एवं सक्षम रखें। अपराध व अपराधियों तथा गैर कानूनी धंधा करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में और तेजी लाएं। सभी पुलिस अधिकारी, थाना एवं चौकी प्रभारी, सीआईए स्टाफ की कार्य प्रणाली की समय-समय पर समीक्षा की जाएगी तथा काम में लापरवाही किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं होगी। थाना प्रबंधकों से पीओ, बेल जंपर को पकड़ने के लिए चलाए गए अभियान में पकड़े गए पीओ, बेल जंपर के बारे में जानकारी ली।

### शराब पीकर वाहन चलाने पर होगी कार्रवाई

एसपी ने थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि सभी पीसीआर, राइडर, ईआरवी व नाकों पर तैनात प्रत्येक कर्मचारी शिफ्ट वाइज ड्यूटी करें। शहर में बेवजह बाइक पर घूमाने वाले युवकों चालाना किए जाए। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए शराब पीकर तथा तेज गति से वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई कर चालान काटें। इस अवसर पर डीएसपी विनोद शंकर, डीएसपी सुभाषचन्द्र, डीएसपी नरेन्द्र सिंह, डीएसपी भारत भूषण सहित जिला के सभी थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी एवं प्रभारी क्राइम यूनिटें मौजूद रही।

**मंत्री को हल्के की जनसमस्याओं से करवाया अवगत**

# मांगों को लेकर बिजली मंत्री से मिले भाजपा नेता

- चौधरी रणजीत चौटाला ने अधिकारियों को फोन कर गांव के नाम को जल्द से जल्द बदलने के लिए कहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बवानीखेड़ा

भाजपा नेता सुरेश ओड ने हरियाणा के बिजली मंत्री चौधरी रणजीत सिंह चौटाला से मुलाकात कर हल्के की जनसमस्याओं सहित हल्के में अधूरे पड़े विकास कार्यों व कई गांवों से लम्बे समय से लम्बित मांगों से अवगत करवाया। भाजपा नेता सुरेश ओड ने बवानीखेड़ा शहर के नवनिर्मित अग्निशमन केंद्र को शुरू करवाने व भवन का उद्घाटन करवाने सहित गांव जमालपुर प्रथम में पंचायत भवन से लेकर अम्बेडकर भवन सिप्पर रोड तक टूटे हुए रास्ते को बनवानेए गांव की एससी चौपाल का पुनर्निर्माण करवाने सहित गांव जमालपुर द्वितीय के राजकीय प्राथमिक पाठशाला की चारदिवारी व गांव में जलघरों के टैंकों की समता बढ़ाने के लिए मंत्री रणजीत चौटाला को पत्र सौंपा।



बवानीखेड़ा। भाजपा नेता सुरेश ओड हरियाणा के बिजली मंत्री चौधरी रणजीत सिंह चौटाला से मुलाकात करते हुए।

सुरेश ओड ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी हल्के के गांव दुर्जनपुर का नाम बदलने की घोषणा पर भी अभी तक कोई काम नहीं हुआ जिसको लेकर भी उन्होंने चौधरी रणजीत सिंह चौटाला को अवगत करवाया। गांव दुर्जनपुर के नाम को दुर्जनपुर से बदलकर सज्जनपुर रखा जाना था जिसके लिए पुर्व मुख्यमंत्री घोषणा कर चुके हैं। जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए चौधरी रणजीत चौटाला ने अधिकारियों को फोन कर गांव के नाम को जल्द से जल्द बदलने के लिए कहा। वहीं भाजपा नेता सुरेश ओड ने बताया कि मंत्री जी ने उन्हें हल्के की मांगों को हरियाणा की नायब सिंह सरकार जल्द से जल्द पूरा करवाएंगी ताकि हल्के के निवासियों को किसी प्रकार से परेशानियों का सामना ना करना पड़े। इस दौरान जिला किसान मोर्चा सचिव धर्मेंद्र बल्हारा व एडवोकेट अक्षय बल्हारा मौजूद रहे।

## डॉ. हेडगेवार को भाजपाइयों अर्पित किए श्रद्धा सुमन



**भिवानी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की पुण्यतिथि पर भाजपाइयों ने उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पूर्व प्रदेश सह मीडिया प्रमुख रीतिक वधवा ने कहा कि मातृभूमि को निःस्वार्थ-समर्पित ,भारतीय संस्कृति के परम उपासक ,राष्ट्र सेवा के प्रतीक, विश्व के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ' जैसे वटवृक्ष की नींव रखने वाले डॉ. हेडगेवार की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि वंदन किया। उन्होंने कहा कि हेडगेवार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक एवं प्रकाण्ड क्रान्तिकारी थे। उन्होंने कहा कि सन 1916 में डॉ. केशव बलिराम लखनऊ गए। वहां हेडगेवार संयुक्त प्रान्त की युवा टोली के सम्पर्क में आये। डॉ हेडगेवार ने नागपुर में 1925 में दशहरे के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सेवा और असमर्थों के उत्थान के लिए डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने जो सेवा का बीज लगाया है, वह आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रूप में एक वटवृक्ष बन चुका है। हम डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जी के सपने समर्थ, शिक्षित और खुशहाल भारत के निर्माण के लिए कटिबद्ध है। इस अवसर पर रमेश चौधरी, जॉन पाल मंडल अध्यक्ष बाबूलाल स्वामी, विनोद,अमित, अनिल, नवीन शर्मा, गुलशन, जोगेंद्र आदि भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. हेडगेवार श्रद्धांजलि दी।

